कारनामा — वार्ड 5 में नाली क्रॉसिंग के लिए नगर परिषद के ठेकेदार का कारनामा, अनुमति पर सवाल

# 4 करोड़ की बाईपास सड़क काटी, 3 माह से मरम्मत नहीं



**मानपुर नवभारत 18 सितंबर।** करीब चार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मानपुर बाईपास सड़क को वार्ड क्रमांक 5 में नाली निर्माण के दौरान नगर परिषद में कार्यरत ठेकेदार द्वारा नाली क्रॉसिंग के लिए काटे जाने का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि सड़क काटने से पहले लोक निर्माण विभाग से अनुमति नहीं ली गई और न ही सड़क के मेंटेनेंस से जुड़े ठेकेदार को इसकी जानकारी दी गई। जुलाई में सड़क काटे जाने के बाद करीब तीन माह गुजर चुके हैं, लेकिन क्षतिग्रस्त हिस्सा अब तक दुरुस्त नहीं किया गया। जिस स्थान पर सड़क काटी गई है, वहीं से बाईपास मानपुर-व्यवहारी मार्ग से जुड़ता है।

### भारी वाहनों को टर्न लेने में हो रही परेशानी

बाईपास पर बड़े वाहनों का आवागमन होने के कारण सड़क के मुहाने पर बने कटाव से भारी वाहनों को टर्न लेने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए यह स्थिति रोजाना की परेशानी बनती जा रही है।

### जिम्मेदारी तय करने में देरी क्यों?

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन है और उसका मेंटेनेंस संबंधित ठेकेदार के जिम्मे है, तो नगर परिषद के ठेकेदार ने सड़क काटने से पहले किसकी अनुमति ली? यदि अनुमति नहीं ली गई, तो सार्वजनिक सड़क को काटे जाने के बाद जिम्मेदारी तय करने में इतनी देरी क्यों?

### लोक निर्माण विभाग को शिकायत, फिर भी कार्रवाई नहीं

बाईपास सड़क के ठेकेदार सौरभ यादव ने बताया कि नगर परिषद के ठेकेदार ने उनसे बिना पूछे और विभाग को बिना बताए सड़क काटकर नाली क्रॉसिंग के लिए ढोला डाला। उनके अनुसार सड़क पर पहले से ही उनकी ओर से ढोला डाला गया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग को लिखित जानकारी देकर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई और सड़क को दोबारा बनवाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।



# बांधवगढ़ में 24 से हाथियों की 'मौज'

▸ होगी तेल मालिश और पसंदीदा भोजन की दावत, होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत चिल्हारी 18 सितंबर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों के लिए पांच दिन खास रहने वाले हैं। यहां 24 से 28 सितंबर तक हाथी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान कैंप में तैनात हाथियों को नियमित काम से पूरी तरह आराम दिया जाएगा। उन्हें नहलाने के साथ तेल मालिश और चंदन वंदन किया जाएगा। इसके अलावा हाथियों को केला, गन्ना, नारियल और रोटी सहित उनकी पसंद का विशेष आहार भी परोसा जाएगा।

इस वर्ष हाथी महोत्सव का आयोजन पारंपरिक ताला गेट के बजाय धमोखर बफर क्षेत्र के परासी गेट पर किया जा रहा है। आयोजन स्थल में बदलाव का उद्देश्य अधिक से अधिक स्थानीय लोगों और पर्यटकों को महोत्सव से जोड़ना और हाथियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

**पांच दिन काम से छुट्टी, खूब होगी खातिरदारी**-हाथी महोत्सव के दौरान बांधवगढ़ कैंप के सभी हाथियों को काम से विराम दिया जाएगा। उनकी विशेष देखभाल की जाएगी। महोत्सव के दौरान सभी हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। पशु चिकित्सकों की देखरेख में उनकी डी-वॉर्मिंग, दांतों की जांच और आवश्यक उपचार किया जाएगा। किसी हाथी में स्वास्थ्य संबंधी समस्या पाए जाने पर उसका इलाज भी कराया जाएगा।

# असोढ़ आंगनबाड़ी केंद्र में गड़बड़ी पर पर्यवेक्षक सस्पेंड

▸ रजिस्टर में संख्या और बच्चों के वजन में अंतर पाया गया

**नवभारत चिल्हारी 18 सितंबर।** जिले के मानपुर परियोजना के अमरपुर सेक्टर के चिल्हारी क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र असोढ़-2 में बच्चों की उपस्थिति और वजन दर्ज करने में अनियमितता मिली।

निरीक्षण में रजिस्टर में दर्ज बच्चों की संख्या और मौके पर मौजूद बच्चों की संख्या में अंतर मिला। वहीं, बच्चों के वजन में भी अंतर पाया गया। इसके बाद कलेक्टर राखी सहाय ने चिल्हारी क्षेत्र की पर्यवेक्षक अभिलाषा सौंधिया को सस्पेंड कर दिया। बताया जाता है कि केंद्र का निरीक्षण 11 सितंबर को जन विश्वास अभियान-2026 के तहत किया गया था।

**निरीक्षण के दौरान केवल 20 बच्चे ही मौजूद मिले**-रजिस्टर में केंद्र पर 51 बच्चे दर्ज थे, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल 20 बच्चे ही मौजूद मिले। कार्यकर्ता ने बताया कि बारिश के कारण कई बच्चे केंद्र नहीं आ सके।निरीक्षण के दौरान 0 से 5 साल तक के बच्चों की उपस्थिति और वजन रजिस्टर की जांच की गई। मनीष का वजन मौके पर 14.500 किलो मिला, जबकि रजिस्टर में 12 किलो दर्ज था। इसी तरह अंकिता का पिछला वजन 12 किलो बताया गया, लेकिन रजिस्टर में 13.02 किलो दर्ज मिला।

**पर्यवेक्षक का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया**-वजन में अंतर मिलने के बाद निरीक्षण टीम ने पर्यवेक्षक अभिलाषा सोंधिया से जानकारी ली। उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जारी आदेश के मुताबिक, निर्देशों का पालन नहीं करने पर पर्यवेक्षक को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय उमरिया रहेगा।

# पटवारी की गलती का किसान को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

▸ न्याय नहीं मिलने पर आमरण अनशन की दी चेतावनी

**नवभारत चिल्हारी 18 सितंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी निवासी किसान रमाकांत तिवारी ने जिला प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि विगत 2022 से रिकार्ड सुधार का प्रकरण जिला कलेक्टर के न्यायालय में विचाराधीन है।

पांच साल गुजरने के बाद भी प्रार्थी को न्याय नहीं मिला, जबकि पूरी गलती राजस्व विभाग के पटवारी की है। प्रार्थी के पट्टे के आराजी को मप्र शासन का कर दिया गया है, जिसका अवलोकन करते हुए वर्तमान हल्का पटवारी एवं न्यायालय नायब तहसीलदार मानपुर तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर तथा भू अर्जन द्वारा जांच रिपोर्ट दे दी गई हैं। अब कलेक्टर की आईडी से इसे सुधारना है, जिसे लेकर प्रार्थी एवं प्रार्थी का परिवार परेशान हैं। न्याय नहीं मिलने पर 25 सितंबर से प्रार्थी ने उपरोक्त आराजी में ही अनिश्चितकालीन आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

# हेरिटेज लिकर बनाएगा स्वसहायता समूह



▸ अमरपुर की बंद यूनिट से ग्रामीणों को आजीविका

**डिंडौरी, नवभारत 18 सितंबर।** अमरपुर विकासखंड में महीसा हेरिटेज लिकर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का शुभारंभ किया गया।

यूनिट का संचालन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मां नर्मदा स्वसहायता समूह द्वारा किया जाएगा। समूह की 12 सदस्यीय टीम यूनिट के संचालन की जिम्मेदारी संभालेगी।

**गुणवत्ता और स्वच्छता को महत्व मिलेगा**-कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जनजाति प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्माण में गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। शुभारंभ कार्यक्रम कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, जिला वनमंडल अधिकारी अशोक सोलंकी,जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, अनुसूचित जनजाति प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, रेडक्रास समिति अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# स्वामित्व योजना के तहत 80 हितग्राहियों को पट्टा वितरण

**नवभारत चिल्हारी।** मानपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हारी में स्वामित्व योजना के तहत लगभग 80 हितग्राहियों को पट्टा वितरण की प्रक्रिया की गई। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इसी क्रम में मानपुर एसडीएम हरनीत कौर ने ग्राम पंचायत चिल्हारी पहुंचकर स्वामित्व योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन हितग्राहियों की केवाईसी पूर्ण नहीं थी, उनकी केवाईसी करवाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। एसडीएम ने संबंधित हल्का पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव कर्मचारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत कोई भी पात्र हितग्राही दस्तावेजी प्रक्रिया के अभाव में वंचित नहीं रहे।

# कॉलेज परिसर में लगातार क्यों आ रहे एबीवीपी के लोग?

## छात्रों ने पूछा किस काम से आए, प्रशासन की भूमिका पर सवाल

**उमरिया नवभारत 18 सितंबर।** शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय, उमरिया में ्क्क्क्क से जुड़े बताए जा रहे कुछ युवकों की लगातार मौजूदगी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

छात्र-छात्राओं के अनुसार, आज फिर कुछ युवक कॉलेज परिसर में पहुंचे, जबकि उनके कॉलेज में अध्ययनरत होने की बात सामने नहीं आई है। विद्यार्थियों का सवाल है कि जब ये युवक महाविद्यालय के छात्र नहीं हैं, तो वे लगातार कॉलेज परिसर में किस उद्देश्य से पहुंच रहे हैं और उन्हें प्रवेश की अनुमति किसने दी है?

### शैक्षणिक वातावरण हो रहा प्रभावित

छात्रों का कहना है कि कॉलेज में पढ़ाई के लिए आने वाले विद्यार्थियों के बीच बाहरी लोगों की लगातार मौजूदगी से शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन प्रभावित हो रहा है। छात्रों का आरोप है कि इन युवकों को पहले भी लगातार कॉलेज परिसर में देखा गया है और इस संबंध में महाविद्यालय प्रशासन को एवं श्रीमान कलेक्टर महोदय जी को शिकायत भी दी जा चुकी है। इसके बावजूद लगातार उनकी मौजूदगी कई सवाल खड़े कर रही है।

### वीडियो, फोटो और रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध हैं

विद्यार्थियों के मुताबिक, मौके से संबंधित वीडियो, फोटो और रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध हैं, जिनसे पूरे मामले की जांच की जा सकती है। अब छात्रों की महाविद्यालय प्रशासन से स्पष्ट मांग है कि कॉलेज परिसर में आने वाले गैर-विद्यार्थियों के लिए क्या प्रवेश व्यवस्था है, उन्हें किसकी अनुमति प्राप्त है और एबीवीपी से जुड़े इन युवकों का महाविद्यालय में आने का वास्तविक उद्देश्य क्या है? इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# एक माह से फूटी पाइपलाइन, बह रहा हजारों गैलन पानी

## शहपुरा वार्ड-1 में जलभराव से बढ़ी परेशानी, शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

**शहपुरा नवभारत 18 सितंबर।** नगर परिषद शहपुरा के वार्ड क्रमांक-1 में जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। यहां मुख्य नल कनेक्शन की पाइपलाइन करीब एक माह से फूटी पड़ी है, जिससे हजारों गैलन पानी लगातार बहकर नाली में जा रहा है।

पानी की लगातार बर्बादी के साथ ही वार्ड में जलभराव की स्थिति भी बन गई है। बताया जा रहा है कि पाइपलाइन लीकेज की शिकायत रहवासियों द्वारा नगर परिषद के जिम्मेदारों से कई बार की जा चुकी है। शिकायत के बाद पाइपलाइन की मरम्मत का प्रयास भी किया गया, लेकिन लीकेज पूरी तरह ठीक नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। नतीजतन पिछले करीब एक माह से लगातार पानी बह रहा है और नाली में जमा हो रहा है।



**अधूरी नाली ने बढ़ाई समस्या**-अधूरी नाली ने बढ़ाई परेशानी पाइपलाइन से निकल रहा पानी नाली में पहुंचने के बाद आगे नहीं निकल पा रहा है। इसका मुख्य कारण वार्ड में नाली निर्माण का कार्य अधूरा होना बताया जा रहा है। रहवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। निर्माण पूरा कराने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों और मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। जलभराव से मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर स्टेडियम में की सफाई



▸ स्वच्छ और सुंदर शहपुरा का लिया संकल्प

**शहपुरा नवभारत 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर रानी दुर्गावती स्टेडियम, शहपुरा में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जन प्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छ एवं सुंदर शहपुरा के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश साहू, मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, ज्ञानदीप त्रिपाठी सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नवोदय विद्यालय धमनगांव में हिंदी पखवाड़ा मनाया

**शहपुरा नवभारत 18 सितंबर।** नवोदय विद्यालय समिति क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल मध्य प्रदेश के दिशा -निर्देशन और मार्गदर्शन में प्राचार्य अलका विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व में हिंदी पखवाड़ा समारोह का भव्य आयोजन सांध्य वेला में पन्द्रह सितंबर को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव डिंडोरी में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य अलका विश्वकर्मा वरिष्ठ शिक्षक के एल महोबिया प्रवक्ता हिंदी, रामानंद हिंदी शिक्षक श्रीमती संचिता बनर्जी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा आधुनिक हिंदी साहित्य के विकास के पुरोधा और पितामह भारतेंदु हरिश्चंद्र की छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा नौवीं की छात्रा कुमारी प्राची पड़वार ने हिंदी भाषा को राष्ट्र भाषा के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता पर अपनी स्वरचित कविता की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, इसके बाद छात्रा ग्रेसी परस्ते, मीनाक्षी कुसराम ने हिंदी प्रचार प्रसार पर अपने विचार प्रकट किए।बाद में कविता छात्रा अनन्या झरिया द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के अपनी स्वरचित मूल्यपरक हिन्दी कविता का काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया ।छात्र शिव प्रसाद झारिया द्वारा हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रकट किए गए ।

# आवास हितग्राहियों के घर जलाया आर्शीवाद का दीया

**शहपुरा नवभारत 18 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद शहपुरा द्वारा 'आशीर्वाद का दीया' अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत राम जानकी मंदिर सहित नगर के विभिन्न वार्डों तथा आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के आवासों पर दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान नगरवासियों को स्वच्छता, सेवा, सामाजिक सहभागिता और एकजुटता का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार धनेश्वर, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल, पार्षद सुरेंद्र साहू, पार्षद भजन दास चक्रवर्ती, ज्ञानदीप त्रिपाठी, वंदना कछवाहा सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।


## नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता विवेक कुमार जैन पिता श्री वीरेन्द्र कुमार जैन जाति जैन निवासी वार्ड क्रमांक 05 गल्ला गौदाम डिण्डौरी तहसील व जिला डिण्डौरी म.प्र. का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ। 1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है। 2. यह कि मैं शपथकर्ता सच सच कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक MP20N-2016-0159987 है। एवं उक्त ड्रायविंग लायसेंस में मेरे पिता का नाम अंग्रेजी शब्द में VEERENDRA KUMAR JAIN एवं निवासी ग्राम NARMADA NAGAR, GOHALPUR JABALPUR, MP लिखा हुआ है, जो कि गलत है। तथा मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम वीरेन्द्र कुमार जैन (VIRENDRA KUMAR JAIN) एवं निवासी ग्राम वार्ड कंमाक 05 गल्ला गौदाम डिण्डौरी तहसील व जिला डिण्डौरी म.प्र. है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है। 3. यह कि मुझ शपथकर्ता के ड्रायविंग लायसेंस से मेरे पिता का त्रुटिनाम अंग्रेजी शब्द VEERENDRA KUMAR JAIN एवं निवासी ग्राम NARMADA NAGAR, GOHALPUR JABALPUR, MP के स्थान पर मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम वीरेन्द्र कुमार जैन VIRENDRA KUMAR JAIN एवं निवासी ग्राम वार्ड क्रमांक 05 गल्ला गौदाम डिण्डौरी तहसील व जिला डिण्डौरी म.प्र. सुधार कार्य कराने हेतु स्वंय का शपथ पत्र इस्तहार हेतु जिला परिवहन कार्यालय डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र. में निष्पादित कर रहा हूँ, जिसमें मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है। असत्य जानकारी पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

शपथकर्ता


आरोप — ग्रामीणों ने खोला पंचायत का कच्चा चिट्ठा, सरपंच-सचिव पर लगे गोलमाल के आरोप, जांच की 15 सितंबर की डेडलाइन भी खत्म

# 19 लाख में निर्माण कार्यों की महज की जा रही रस्म अदायगी



**डिंडोरी, नवभारत 18 सितंबर।** ग्राम पंचायत सारसताल में पंचायत निधि के इस्तेमाल को लेकर सवालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सारसताल, राम्हेपुर और रानीबुढ़ार के ग्रामीणों ने पंचायत में लाखों रुपए के व्यय के बावजूद धरातल पर अपेक्षित विकास कार्य नजर नहीं आने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। इन पंचायतों में लगभग 19 लाख रूपये के विकास कार्यों का खर्च बताया गया है लेकिन हकीकत में निर्माण कार्यों की रस्मअदायगी मात्र की गई है।

मामला जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लेकर जनसुनवाई तक पहुंच चुका है। जनपद पंचायत डिंडोरी को 15 सितंबर तक निराकरण के निर्देश दिए गए थे लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक तय समय सीमा गुजरने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### नल-जल योजना ठप, सुविधाओं पर भी सवाल

पंचायत निधि से लाखों रुपए खर्च होने की बात सामने आ रही है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधा से जुड़े कार्यों की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने 5वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त राशि के साथ-साथ पंचायत के बैंक खातों, भुगतान अभिलेख, मस्टर रोल, बिल-वाउचर और स्वीकृत विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही कराए गए कार्यों का मौके पर भौतिक सत्यापन और स्वतंत्र ऑडिट कराने की मांग भी की गई है।

### सिर्फ कागजों में विकास

ग्रामीणों द्वारा तैयार पंचनामा में वित्तीय वर्ष 25-26 में ग्राम पंचायत सारसताल में सभी मदों को मिलाकर करीब 32 लाख उपलब्ध होने और इनमें से लगभग 19 लाख रुपए खर्च किए जाने का उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों का दावा है कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद मौके पर अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। पंचायत से निकाली गई राशि और उसके वास्तविक उपयोग की जानकारी भी आम ग्रामीणों को नहीं मिल पाने का आरोप लगाया गया है।

### मुंह छुपा रहे सरपंच-सचिव

पंचनामा के अनुसार 11 सितंबर को ग्राम पंचायत सारसताल के तीनों गांवों के ग्रामीणों एवं उपस्थित पंचायत सदस्यों की बैठक पंचायत के लेखा-जोखा की जानकारी लेने के लिए बुलाई गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि बैठक की जानकारी होने के बावजूद सरपंच और सचिव उपस्थित नहीं हुए।

### इनका कहना है

पंचायत में 32 लाख रुपए आए थे , जिसमें से 19 लाख रुपए आहरित भी कर लिए गए । लेकिन इस 19 लाख का क्या हुआ। इसका कोई भी सबूत धरातल पर नजर नहीं आता। हमने मामले की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत , जनपद पंचायत और जनसुनवाई तक में की है। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**मातादीन परस्ते अध्यक्ष, पेशा एक्ट**

ग्रामीणों की शिकायत सही है , जिसकी जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जानी चाहिए।

**दिलीप कुमार आर्मो,उपसरपंच**



# रचनात्मकता के साथ महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का मंच

▸ नमो युवा शक्ति खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 18 सितंबर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों एवं उनके परिवार की युवतियों को खेल, रचनात्मकता, स्वास्थ्य, नेतृत्व एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से जिला स्तरीय नमो युवा शक्ति खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, डिंडौरी में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीईओ दिव्यांशु चौधरी एवं ग्राम पंचायत पलकी की सरपंच सुहागवती मालवे के आतिथ्य में हुआ। जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 300 स्व-सहायता समूह सदस्यों एवं युवतियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में ग्रामीण युवतियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए कुर्सी, चम्मच व मटकी दौड़ सहित विभिन्न मानसिक एवं शारीरिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मिलेट, प्रोटीन, पारंपरिक व्यंजन एवं आहार विविधता पर आधारित कुकिंग प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी भी हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से स्व-सहायता समूहों के जरिए महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।